# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–17.06.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कनाडा में जी–7 शिखर सम्मेलन में लेंगे भाग, सम्मेलन में ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और वैश्विक चुनौतियों पर होगी चर्चा।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद सुनील धान के परिजनों से की मुलाकात, परिजनों को दी गई 2 करोड़ 66 लाख रुपए की वित्तीय सहायता, पत्नी को अनुकंपा के आधार पर नौकरी का सरकार ने जताया भरोसा।
- भाजपा ने राज्य सरकार पर झारखंड उच्च न्यायालय की सुरक्षा में लापरवाही का लगाया आरोप, केंद्र सरकार से सहयोग लेकर हाईकोर्ट की सुरक्षा चाक–चौबंद करने की रखी मांग।
- रामगढ़ सदर अस्पताल में मेगा रक्तदान शिविर हुआ आयोजित, आम लोगों से रक्तदान की अपील की गई, 52 यूनिट रक्त किया गया संग्रह।
- झारखंड में मानसून ने दी दस्तक, मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक लातेहार, गढ़वा समेत कई जिलों में वज्रपात और भारी वर्षा की दी चेतावनी।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज देर रात कनाडा के कनानास्किस में जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। श्री मोदी दो दिन की कनाडा यात्रा पर सवेरे कैलगरी पहुंचे। प्रधानमंत्री ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे और निवेश से जुड़ी चर्चाओं में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी लगातार छठी बार जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वे शिखर सम्मेलन में विभिन्न नेताओं से मिलेंगे और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सम्मेलन के दौरान वे अल्पविकसित और विकासशील देशों की प्राथमिकताओं पर भी जोर देंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि श्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी सहित अन्य नेताओं के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट–

*********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज रांची में शहीद आरक्षी सुनील धान के परिजनों से मुलाकात की। शहीद के परिजनों को 2 करोड़ 66 लाख रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। साथ ही, शहीद की पत्नी को अनुकंपा पर नौकरी का प्रस्ताव भी दिया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहीदों और उनके परिजनों के साथ सदैव खड़ी रहेगी और उन्हें सभी सरकारी लाभ शीघ्र उपलब्ध कराए जाएंगे। गौरतलब है कि सुनील धान की शहादत अप्रैल में चाईबासा में नक्सली अभियान के दौरान हुई थी।

*********************

रांची के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने लोगों की समस्याएं सुनीं। मौके पर मंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनका समाधान किया जाएगा।

*********************

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार पर झारखंड उच्च न्यायालय की सुरक्षा में लापरवाही का आरोप लगाया है। रांची मे आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन मे पार्टी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि बिना टेंडर के निम्न दर्जे के सुरक्षा उपकरण खरीदे गए हैं और स्पेशल ब्रांच की जांच में डीप सर्च माइन मेटल डिटेक्टर समेत कई उपकरण बेकार पाए गए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से सहयोग लेकर हाईकोर्ट की सुरक्षा सुदृढ़ करने की मांग की।

*********************

झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति आज दो दिवसीय दौरे पर सरायकेला पहुंची और समिति ने जिले के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। विधायक रामचंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की गई। बैठक में दिए गए आवेदनों पर मुख्यालय स्तर से कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन भी दिया गया।

*********************

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र जामताड़ा द्वारा जिले के गांवों में पहुंचकर किसानों से सीधा संवाद कर बेहतर कृषि के लिए प्रेरित किया गया। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता—

*********************

रामगढ़ ज़िले के  सदर अस्पताल में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान 52 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद ने जिले वासियों से रक्तदान करने की अपील की।

*********************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- खूंटी पुलिस को मोबाइल चोरी और गुमशुदगी के मामलों में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत अब तक कुल 58 मोबाइल फोन बरामद कर असली धारकों को सौंपे गए हैं। एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि पिछले एक वर्ष में पुलिस ने चरणबद्ध तरीके से यह कार्रवाई की है।
- जमशेदपुर की कदमा थाना पुलिस ने खुद को इनकम टैक्स अधिकारी बताकर ठगी करने वाले जालसाज जयंत कुमार जायसवाल को गिरिडीह से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक बाइक, एक गाड़ी और दस्तावेज बरामद किए हैं। डीएसपी मनोज कुमार ठाकुर ने बताया कि आरोपी ने कई लोगों को इसी तरह ठगा है और मामले की जांच जारी है।
- सरायकेला—खरसावां में जिला ग्रामीण विकास विभाग ने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत एक दिवसीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया। मौके पर सांसद जोबा मांझी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कोल्ड स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग और मार्केट लिंक की जरूरत पर बल दिया।

*********************

झारखंड में आज मानसून प्रवेश कर गया है और राज्य के कई जिलों में भारी बारिश शुरू हो चुकी है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि अगले पांच दिनों तक लातेहार, गढ़वा, पलामू, चतरा और हजारीबाग में भारी वर्षा की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस बार सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है, साथ ही उन्होंने वज्रपात की चेतावनी जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

********समाप्त************